Title: Need to rename the state of Uttaranchal as 'Uttarakhand'.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तरांचल जो राज्य बना है, उस राज्य के बनने के पहले वहां के लोगों की मांग थी कि उत्तराखंड के नाम से राज्य का निर्माण किया जाए। उत्तरांचल का पूरा पार्ट बहुत बड़ी बैल्ट है। इसलिए हमारी भारत सरकार से मांग है कि वह लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस राज्य के नाम उत्तरांचल को बदलकर उत्तराखंड करने की कृपा करे। इसमें कोई ज्यादा समस्या नहीं है। इसलिए उत्तरांचल राज्य के नाम को बदलकर उत्तराखंड किया जाए।